कॉलोनी में चल रहे नकली उत्पाद कारखाने का पर्दाफाश,सामाग्री जब्त

कॉलोनी में चल रहे नकली उत्पाद कारखाने का पर्दाफाश,सामाग्री जब्त

- **भारी मात्रा में नकली सामग्री के साथ वेपर्स जब्त**
- **12 किलो नकली चाय के साथ नामी कंपनियों के घी पाउच,वेपर्स सहित पैकिंग मशीनें जब्त**
- **कारोबारी के खिलाफ धोखाधड़ी, कॉपी राइट एवं ट्रेड मार्क का केस दर्ज**

जोधपुर,कॉलोनी में चल रहे नकली उत्पाद कारखाने का पर्दाफाश,सामाग्री जब्त। शहर की रातानाडा पुलिस की तरफ से रविवार की रात को सब्जी मंडी के पास में नाहर सिंह कॉलोनी में एक रहवासीय मकान में रेड दी गई थी। यहां नकली खाद्य सामग्री अवथा उत्पाद बेचने और कारोबार की जानकारी मिली। तब पुलिस ने रात से लेकर अल सुबह तक कार्रवाई को जारी रखा और वहां से भारी मात्रा में नामी कंपनियों के घी के रेपर्स,पैकिंग मशीनों सहित 12 किलो नकली चाय पत्ती बरामद किया। साथ ही नमक, डिटर्जेंट बनाने के लिए प्रयुक्त होने वाली सामग्री और पाउच इत्यादि बरामद किए गए। पुलिस ने नकली

उत्पार का कारोबार करने वाले संचालक नाहरसिंह कॉलोनी मकान संख्या एक निवासी हनुमान प्रसाद पुत्र पुरूषोत्तम राठी के खिलाफ धोखा धड़ी,कॉपी राइट एवं ट्रेड मार्क का केस बनाकर अब जांच आरंभ की है।बरामद खाद्य सामग्री का जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग टीम ने सैपलिंग भी की है। अग्रिम अनुसंधान जारी है।
पुलिस उपायुक्त पूर्व आलोक श्रीवास्तव ने बताया कि रातानाडा स्थित सब्जी मंडी क्षेत्र में नाहरसिंह कॉलोनी में रहने वाले हनुमान प्रसाद राठी के रहवासीय मकान में नकली उत्पाद बनाने एवं बेचे जाने की जानकारी मिली थी। जिस पर एसीपी पूर्व एवं प्रशिक्षु आईपीएस अभिषेक अंदासु,थानाधिकारी प्रदीप डांगा मय जाब्ते के रविवार की रात को रेड दी गई थी। पुलिस उपायुक्त आलोक श्रीवास्तव ने बताया कि मकान से 8 लाख कीमत के नकली सामग्री रैपर पाउस जब्त किए गए हैं जो 6 क्विंटल है। मौके से सरस,कृष्णा,डेयरी बेस्ट, भोलेनाथ,क्षीर, पालीवाल एवं टाटा नमक के नकली पाउच मिले हैं। इसके अलावा नकली घी के 16 किलो प्लास्टिक स्ट्रीप टेप रोल जब्त किया गया। दो इलेक्ट्रानिक मशीनों के साथ दो इलेक्ट्रानिक कांटे भी जब्त किए गए है। 28 किलो ढक्कन भी मिले हैं। पुलिस की तरफ से रविवार की रात को शुरू की गई कार्रवाई सोमवार की तडक़े तक चलती रही।

Source: https://doordrishtinews.com/fake-product-factory-operating-in-the-colony-exposed-material-seized/rs-thapa/